कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2024

// प्रेस विज्ञप्ति//

# शासकीय कन्या महाविद्यालय ने जीता बैडमिंटन चैम्पियनशीप

भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन बैडमिंटन (महिला) प्रतियोगिता में अपने पुल की सभी टीमों को एकतरफा हराकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग फाईनल में पहुँचा एवं फाईनल में भिलाई महिला महाविद्यालय को परास्त कर विजेता बना।

इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया था। कन्या महाविद्यालय का प्रथम मैच कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 के बीच खेला गया जिसमें 2-0 से कन्या महाविद्यालय विजयी हुआ। दूसरा मैच सेंट थामस महाविद्यालय रूआबांधा के बीच हुआ जिसमें कन्या महाविद्यालय 2-0 से विजेता रहा। सेमीफाईनल शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बालोद के विरूद्ध खेला गया जिसमें बालोद की स्तुति ने कन्या महाविद्यालय दुर्ग की अदिति अग्रवाल को 2-0 से परास्त किया, डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा एवं अदिति की जोड़ी ने बालोद की स्तुति एवं अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त किया। द्वितीय सिंगल्स में रमा दत्ता ने बालोद की अनुष्का को 2-0 के सीधे सेटों से परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया।

फाईनल मैच में कन्या महाविद्यालय की अदिति ने वनिशा 21-7, 21-8 को परास्त किया। डबल्स में कन्या महाविद्यालय की रमा दत्ता और अदिति ने महिला महाविद्यालय की वनिशा एवं दीक्षा की जोड़ी को 21-2, 21-3 से परास्त कर फाईनल जीतकर ट्राफी अपने नाम किया।

कन्या महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी- रमा दत्ता (कप्तान) अदिति अग्रवाल, दामु कावेरी, हेमा सिंह, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थी।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति की संयोजक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)